



**INDIAN STUDENTS STUDYING ABROAD ARE AMBASSADORS OF INDIAN VALUES AND CULTURE: LOK SABHA SPEAKER/विदेश में अध्ययनरत भारतीय छात्र भारतीय मूल्यों और संस्कृति के दूत हैं: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**NEW INDIA IS "LAND OF OPPORTUNITIES" WITH RAPID REFORMS: LOK SABHA SPEAKER/न्यू इंडिया तेजी से हो रहे सुधारों के साथ " अवसरों की भूमि" है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**INITIATIVES LIKE AYUSHMAN BHARAT HAVE CREATED ABUNDANT OPPORTUNITIES IN HEALTHCARE SECTOR ACROSS INDIA: LOK SABHA SPEAKER/आयुष्मान भारत जैसी पहलों से पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रचुर अवसर उपलब्ध हुए हैं: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**INDIA CARES DEEPLY ABOUT WELFARE OF INDIANS LIVING IN EVERY CORNER OF WORLD: LOK SABHA SPEAKER/भारत को दुनिया के हर कोने में रह रहे भारतीयों की बराबर चिंता है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER INTERACTS WITH INDIAN STUDENTS IN SAMARKAND MEDICAL UNIVERSITY/लोक सभा अध्यक्ष ने समरकंद मेडिकल यूनिवर्सिटी के भारतीय छात्रों से बातचीत की**

**…**

**Tashkent Camp Office/New Delhi; 08 April, 2025:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla today noted that the Indian students studying abroad are ambassadors of Indian values and culture. Despite staying thousands of miles away, these students continue to be deeply rooted in Indian values and spread them in their host countries, he observed. Shri Birla. He made these remarks during his interaction with Indian students in Samarkand Medical University during his four day visit to Uzbekistan leading the Indian Parliamentary Delegation (IPD) for the 150th Assembly of Inter Parliamentary Union (IPU).

https://x.com/ombirlakota/status/1909506768285446435

https://x.com/ombirlakota/status/1909535864327463155

Shri Birla stressed that New India is known as the "Land of Opportunities" with rapid reforms in every field. National initiatives like Ayushman Bharat have created abundant opportunities in the healthcare sector across India, he added. He also said that with Ayushman Bharat expanding to include both government and private hospitals, there are ample opportunities for FMG doctors to gain valuable experience and contribute to the nation's healthcare system. The rapid growth in medical research and education in India has created numerous opportunities for the students to work in academic and research institutions, he noted.

Shri Birla conveyed to the students that the India cares deeply about the welfare of Indians living in every corner of the world. He mentioned that India is dedicated to assisting and supporting overseas Indian students. Through initiatives like the 'Help' portal and the active involvement of Indian embassies abroad, the government ensures that Indian students face no obstacles in their education, safety, and career prospects. He noted with pride that, "Indian doctors have a global identity, and you should continue this tradition." He added that the India has always produced exceptional doctors, and these students will enhance healthcare systems worldwide with their knowledge and skills. He added that their global experience will pave the way for greater success in their medical careers.

Shri Birla urged the students to not only enhance their knowledge and skills but also embrace values such as dedication and compassion in their lives. Their hard work will contribute to the future direction of global healthcare, he added. Mentioning that as cultural and educational representatives of India, they also serve as key figures in strengthening the friendship and cooperation between India and Uzbekistan.

…

LOVE AND AFFECTION OF INDIAN DIASPORA IN UZBEKISTAN TOWARDS INDIA IS INSPIRATIONAL: LOK SABHA SPEAKER

…

LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES MEMBERS OF INDIAN DIASPORA IN UZBEKISTAN

…

During his visit to Uzbekistan, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla interacted with members of Indian Diaspora on Monday. Observing that the love and affection of the Indian Diaspora in Uzbekistan towards India is inspirational, Shri Birla noted that the efforts of the Indian community help strengthen India's global identity.

https://x.com/ombirlakota/status/1909442633866395714

Speaking about India's growing economic might, Shri Birla highlighted that India today is the fastest-growing economy in the world, and its global reputation and innovation have created countless new opportunities. He added that the Indian Diaspora can contribute to this growth through investment and innovation. Shri Birla also encouraged the Diaspora to take full advantage of these opportunities as part of India's drive for 'Viksit Bharat.'

Shri Birla emphasized that the relationship between India and Uzbekistan goes beyond official visits and documents, and is also based on the people to people ties, cultural exchanges, and mutual respect between the people of both countries. He added that the role of the Indian Diaspora has been vital in strengthening the historical ties between India and Uzbekistan as they have contributed to the development of both the countries through their hard work and dedication. Shri Birla noted that language, cuisine, traditions, and cultural exchanges serve as the foundation of these strong ties. He added that the growing partnership between India and Uzbekistan in the fields of science, health, education, trade and technology is proving to be vital for the progress of both countries.

LOK SABHA SPEAKER MEETS CHAIRMAN OF THE PARLIAMENT OF GEORGIA AT TASHKENT

…

On the sidelines of the 150th Assembly of Inter-Parliamentary Union at Tashkent, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla met H.E. Shalva Papuashvili, Chairman of the Parliament of Georgia. On this occasion, Shri Birla shared his thoughts on strengthening parliamentary diplomacy and expanding cooperation in trade, tourism, and innovation. He also lauded Georgia's support for India at multilateral fora and also to the Indian community there. Mentioning that India and Georgia share a deep cultural bond which opens immense avenues for future, Shri Birla called for enhancing youth exchange programmes, digital collaboration & people-to-people ties.

https://x.com/ombirlakota/status/1909277408236044478

**ताशकंद कैंप कार्यालय/नई दिल्ली; 08 अप्रैल, 2025:** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज कहा कि विदेश में अध्ययनरत भारतीय छात्र भारतीय मूल्यों और संस्कृति के दूत हैं। उन्होंने कहा कि हजारों मील दूर रहने के बावजूद, ये छात्र भारतीय मूल्यों से जुड़े हुए हंस और इनका प्रचार-प्रसार अपने मेजबान देशों में भी करते हैं। श्री बिरला ने ये टिप्पणियां उज्बेकिस्तान की चार दिवसीय यात्रा के दौरान समरकंद मेडिकल यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कीं। श्री बिरला इस समय अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं सभा में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल (आईपीडी) का नेतृत्व कर रहे हैं।

https://x.com/ombirlakota/status/1909506768285446435

https://x.com/ombirlakota/status/1909535864327463155

श्री बिरला ने कहा कि न्यू इंडिया को "अवसरों की भूमि" के रूप में जाना जाता है, जहां हर क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत जैसी राष्ट्रीय पहल से पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रचुर अवसर उपलब्ध  हुए हैं। आयुष्मान भारत के नेटवर्क में सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों के जुडने के साथ, इस योजना में

एफएमजी डॉक्टरों के लिए बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने और देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में योगदान करने के अपार अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत में चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से छात्रों के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में काम करने के ढेरों अवसर उपलब्ध हैं।

श्री बिरला ने छात्रों को बताया कि भारत दुनिया के हर कोने में रह रहे भारतीयों की बराबर चिंता है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि भारत प्रवासी भारतीय छात्रों की सहायता और सहयोग के लिए तत्पर है। 'मदद' पोर्टल जैसी पहलों और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, सरकार यह सुनिश्चित करती है कि भारतीय छात्रों को उनकी शिक्षा, सुरक्षा और करियर की संभावनाओं में कोई बाधा न आए। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि, "भारतीय डॉक्टरों की वैश्विक पहचान है और आपको इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा उत्कृष्ट चिकित्सक तैयार किए हैं और ये छात्र अपने ज्ञान और कौशल से पूरी दुनिया की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करेंगे। श्री बिरला ने कहा कि छात्रों का वैश्विक अनुभव उनके मेडिकल करियर में और अधिक सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

श्री बिरला ने छात्रों से अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के साथ ही अपने भीतर समर्पण और करुणा जैसे मूल्यों का भी समावेश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनकी कड़ी मेहनत वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा देगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रतिनिधियों के रूप में, छात्र भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मित्रता और सहयोग को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

…

उज्बेकिस्तान में बसे प्रवासी भारतीयों का भारत के प्रति प्रेम और लगाव प्रेरणादायी है: लोक सभा अध्यक्ष

…

लोक सभा अध्यक्ष ने उज्बेकिस्तान में रह रहे प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया

…

उज्बेकिस्तान यात्रा के दौरान, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने सोमवार को प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत की। यह टिप्पणी करते हुए कि उज्बेकिस्तान में बसे भारतीय प्रवासियों का भारत के प्रति प्रेम और लगाव प्रेरणादायी है, श्री बिरला ने कहा कि भारतीय समुदाय के लोगों के प्रयासों से भारत की वैश्विक पहचान को सशक्त करने में मदद मिली है।

https://x.com/ombirlakota/status/1909442633866395714

भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है, और इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा और नवाचारों

ने अनगिनत नए अवसरों का सृजन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रवासी भारतीय निवेश और नवाचार के माध्यम से देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। श्री बिरला ने प्रवासी भारतीयों को 'विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों का समुचित लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और उज्बेकिस्तान के संबंध आधिकारिक यात्राओं और दस्तावेजों तक ही सीमित नहीं, बल्कि आपसी संपर्क, मेलजोल, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर सम्मान पर भी टिके हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक संबंधों को सुदृढ़ करने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है क्योंकि उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से दोनों देशों के विकास में योगदान दिया है। श्री बिरला ने कहा कि भाषा, खान-पान, परंपराएं और सांस्कृतिक आदान-प्रदान इन मजबूत संबंधों की नींव हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञान, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत और उज्बेकिस्तान के बीच बढ़ती साझेदारी दोनों देशों की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही है।

…

लोक सभा अध्यक्ष ने ताशकंद में जॉर्जिया की संसद के चेयरमैन से मुलाकात की

…

ताशकंद में अंतर-संसदीय संघ की 150वीं सभा के अवसर पर, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने जॉर्जिया की संसद के चेयरमैन, महामहिम शाल्वा पापुआश्विली से मुलाकात की। इस अवसर पर, श्री बिरला ने संसदीय राजनय को मजबूत करने तथा व्यापार, पर्यटन और नवाचार में सहयोग बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बहुपक्षीय मंचों पर भारत के समर्थन और जॉर्जिया में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए जॉर्जिया की सराहना की। इस बात का उल्लेख करते हुए कि भारत और जॉर्जिया के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं, श्री बिरला ने युवाओं के आदान-प्रदान कार्यक्रमों, डिजिटल सहयोग और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने का आह्वान किया।

https://x.com/ombirlakota/status/1909277408236044478